राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 19 नवम्बर। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण हेतु कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं तथा विभिन्न समितियों में समन्वय के लिये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई जिसका विधिवत् शुभारम्भ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर स्थापति कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। कन्ट्रोल रूम से फोन नम्बर 0141-2373390 व 2373391 पर सम्पर्क किया जा सकेगा। कन्ट्रोल रूम के प्रभारी श्री मुमताज मसीह एवं कन्ट्रोल रूम सदस्य श्री राजेन्द्र यादव से देशभर के नेता एवं कार्यकर्ता सम्पर्क कर भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की सूचना भी प्रदान कर सकेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter